आकाशवाणी शिमला

13.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला में शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे बजट घोषणाओं और शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे बदलावों को लेकर भी चर्चा करेंगे। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

इससे पहले कल शिमला में राज्य विद्युत बोर्ड लिमिडिट की कार्यसमिति के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बोर्ड के संचालन को सुचारू बनाने के लिए रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विद्युत बोर्ड को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

**भेंट**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भूटान सरकार को चिलगोजा के पौधे लगाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की पेशकश की। मुख्यमंत्री कल शिमला में उनसे मिलने आए भूटान साम्राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन व पार्क सेवा विभाग को 5 हजार से अधिक चिलगोजा के पौधे भेंट किए।

**विश्व अंगदान दिवस**

आज विश्व अंगदान दिवस है। इसका उद्देश्य लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और लोगों को अंग दान के लिए प्रेरित करना है। हिमाचल प्रदेश में भी स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) की ओर से ''अंगदान – जीवन संजीवनी अभियान'' चलाया जा रहा है । नोडल अधिकारी डॉ पुनीत ने बताया कि प्रदेश में भी लोग अंगदान के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण को हमीरपुर–घुमारवीं मुख्य सड़क की शीघ्र मुरम्मत के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कल घुमारवीं में जनसुनवाई के दौरान विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई इलाकों में मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है, जिससे कई स्थानों पर पेड़ गिरने और भूस्खलन से नुकसान हुआ है। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 3 सौ 30 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जबकि एक सौ 98 बिजली ट्रांसफार्मर व एक सौ 41 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक आज व कल प्रदेश के बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**कैलाश यात्रा**

प्रसिद्ध किन्नौर कैलाश यात्रा आज से फिर शुरू हो रही है। ज़िला प्रशासन के अनुसार यात्रा के लिए आज व कल केवल ऑफलाईन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी और इन 2 दिनों में प्रतिदिन अधिकतम 2 सौ 50 श्रद्धालु ही यात्रा कर सकेंगे। 15 अगस्त से यात्री ऑफलाईन के साथ–साथ ऑनलाईन पंजीकरण सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे।

**<u>सत्यापन प्रकिया</u>**

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन के लाभार्थियों का ई–केवाईसी करवाने का आग्रह किया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि लाभार्थी 31 अगस्त से पहले अपने नज़दीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी आवश्यक दस्तावेज़ों सहित अपना ई–केवाईसी करवा सकते हैं।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>**

अमर उजाला की सुर्खी है **टेंडर में गड़बड़ी पर एक्सईएन को पद से हाटने के आदेश–जलशक्ति विभाग में ई–टेंडरिंग सीमा 5 लाख होने के बावजूद उससे कम के ऑफलाईन टेंडर लगाए।**

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है **पर्यटन क्षेत्र में होगा तीन हजार करोड़ रूपए का निवेश।**

**सरकार ने मानी बिजली कर्मियों की मांगे** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **मुख्यमंत्री ने दी राहत, कर्मचारी नेताओं पर चार्जशीट वापस होगी।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है **होम स्टे निर्माण के लिए चार प्रतिशत ब्याज पर ऋण देगी प्रदेश सरकार।**

**मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को फिर मिल सकता है सेवा विस्तार** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **30 सितंबर को पूरा हो रहा है उनका कार्यकाल।**